SC

[37] SEAT No.________

No. of printed Page : 02

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA [ 1st - Semester ] Examination**
**Friday, 26 October 2018**
**10:00 am To 01:00 pm**
**Subject Code : UA01GHIN21 / Paper : 21**
**Subject Title : आधुनिक हिन्दी कविता (यशोधरा, काव्य कलश)**

---

सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है। कुल गुण : ७०

प्रश्न–१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (कोई तीन) (१५)

(१) रूपाश्रय तेरा तरुण गात्र,
कह, वह कब तक है प्राण-पात्र?
भीतर भीषण कंकाल मात्र,
बाहर बाहर है टीम-टाम।
ओ क्षणभंगुर भव राम राम।

(२) यह जीवन भी यशोधरा का अंग हुआ,
हाय! मरण भी आज न मेरे संग हुआ!
सखि, वह था कभी स्वप्न, जो भंग हुआ?
मेरा रस क्या हुआ और क्या रंग हुआ?

(३) बीती विभावरी जाग री!
अंबर पनघट में डुबो रही-
तारा-घट ऊषा नागरी।
खग-कुल कुल-कुल-सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई-
मधु मुकुल नवल रस गागरी।

(४) दिवसावसान का समय,
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या सुंदरी परी-सी
धीरे-धीरे-धीरे।

(५) कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गये फिर कहाँ मिले,
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अम्बर शोक मानता है!



(PTO)

प्रश्न-२ 'यशोधरा' काव्य के आधार पर यशोधरा का चरित्र चित्रण कीजिए। (२०)

अथवा

प्रश्न-२ टिप्पणी लिखिए। (२०)

(त) 'यशोधरा' काव्य का मंगलाचरण।

(थ) 'यशोधरा' काव्य शीर्षक की सार्थकता।

प्रश्न-३ पठित कविताओं के आधार पर महादेवी वर्मा के काव्य दर्शन को स्पष्ट कीजिए। (२०)

अथवा

प्रश्न-३ टिप्पणी लिखिए। (२०)

(च) 'बीते दिन कब आने वाले' कविता में व्यक्त जीवन दर्शन।

(छ) 'सरस्वती-वंदना' कविता का भावार्थ।

प्रश्न-४ (क) टिप्पणी लिखिए। (कोई एक) (०८)

(१) शब्द शक्तियों का सामान्य परिचय।

(२) काव्य में अलंकारों का महत्व।

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर लिखिए। (किन्हीं सात) (०७)

(१) छायावाद के चार मुख्य कवियों के नाम लिखिए।

(२) मैथिलीशरण गुप्त के समग्र साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता कौन-सी है?

(३) सिद्धार्थ के माता-पिता का नाम लिखिए।

(४) सिद्धार्थ के अश्व का नाम लिखिए।

(५) निरालाजी के व्यक्तित्व के मुख्य गुण कौन-से हैं?

(६) 'प्रेम और सौंदर्य' का कवि किसे कहा जाता है?

(७) महादेवी वर्मा के चार प्रसिद्ध काव्य संग्रहों के नाम लिखिए।

(८) हरिवंशराय बच्चन की आत्मकथा का नाम लिखिए।

—x—